जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 150
दिनांक 16.09.2019

कृषि में डिजिटल विपणन प्रणाली को बढ़ावा देना होगा –डॉ. बिसेन
कृषि वि.वि. में डिजिटल मार्केटिंग पर कार्यशाला

जबलपुर 19 सितम्बर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय स्थित बायो फर्टिलाइजर सभागार में एग्रीकल्चर सेक्टर में डिजीटल मार्केटिंग विषय पर एग्रीबिजनेस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट द्वारा एक दिवसीय प्रदेशस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमें मध्यप्रदेश के विभिन्न संस्थानों के 50 से अधिक मुख्य प्रबंधकगण, कृषि वैज्ञानिक और विषयवस्तु विशेषज्ञ शामिल हुये ।

मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने कहा कि आज के दौर में कृषि में डिजीटल विपरण प्रणाली को बढ़ावा देना होगा और इसके लिये आमजन को जागरूक करना बहुत जरूरी है, ये कृषकों की आय को दोगुना करने मे सहायक होगा । डॉ. बिसेन ने आगे कहा कि वर्तमान में हम इतना अन्न उगा चुके हैं कि यदि थप्पी लगाये तो चाँद पर पहुंचा जा सकता है । इस दौरान अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, कुलसचिव श्री अशोक इंगले, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. पी.के. मिश्रा, संचालक शिक्षण डॉ. एस.डी. उपाध्याय, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. आर.एम. साहू, आई.पी.आर.ओ. डॉ. मुम्ताज अहमद खान आदि विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन रहे ।

पूर्व में डॉ. एस.बी. नहातकर, संचालक एवं सीईओ जवाहर आर.ए.बी.आई ने कार्यशाला की उपादेयता और उद्देश्य की संक्षिप्त जानकारी दी । प्रोमोफोक्स के सी.ई.ओ. श्री प्रतुल दुबे एवं डॉ. मोनी थामस, प्रोफेसर एवं एम.डी. जवाहर आर.ए.बी.आई., मनीष सोनी, सुरेश कपसे एवं अनुराग सोनी ने अपने ब्याख्यान में कहा कि कृषि क्षेत्र में डिजिटल मार्केटिंग के विस्तार की अपार संभावनायें हैं । कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुपमा वर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. हरीओम शर्मा ने किया ।

–000–